54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 25.2°c अधिकतम 29.4 °c

|| अमृतवाणी ||
लोग सिक्के की तरह होते हैं। उनके दो पहलू होते हैं–चित या पट। एक पहलू वह दिखाते हैं और दूसरा हमें समय दिखाता है।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

कुछ विपक्षी नेता भारत को मृत अर्थव्यवस्था के रूप में देखना चाहते हैं : पीयूष गोयल



सूर्योदय - 5:57, सूर्यास्त - 6:39 | वर्ष : 54/ अंक : 243 | बृहस्पतिवार, 03 सितम्बर 2026 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, सप्तमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

गलत चाहत..गलत रस्ते पे लाती है.. तभी मुद्दे नहीं चलते हैं हर दम मात होती है...

# अखिलेश, सोनिया व शिवपाल यादव के क्रॉस लगे बैनरों को सपा कार्यकर्ताओं के फाड़ने पर पुलिस से तीखी झड़पें

**मुजफ्फरनगर, 2 सितम्बर (बु.)।** भोपा रोड पर उस समय एकाएक राजनीतिक माहौल गर्मा गया, जब सपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता गौरव जैन अपनी टीम के साथ बैनर फाड़ने पहुंच गए। दरअसल पोस्टरों पर अखिलेश यादव, सोनिया गांधी, शिवपाल यादव सहित विपक्ष के कई बड़े नेताओं के फोटो लगे हुए थे। मोटे अक्षरों में बैनर पर लिखा था देश से राष्ट्र विरोधियों का बायकाट करें। यह लिखकर बैनर पर क्रॉस का निशान लगाया गया था। राजेश गोयल सामाजिक कार्यकर्ता निवेदक के रूप में इन पोस्टरों में फोटो सहित दिखाई दे रहे हैं। गौरव जैन और उनकी टीम भोपा रोड पर पहुंची और जाते ही पुलिस की मौजूदगी में बैनर को फाड़ डाला। बैनर फटते ही पुलिस और गौरव जैन में तीखी नोकझोक हुई।






यह बात जब भाजपाईयों तक पहुंची तो तरह-तरह की चर्चा शहर में फैलने लगी। किसी ने कहा कि भाजपाईयों ने ही यह पोस्टर लगवाया है तो सपाईयों ने कहा कि इस पोस्टर को हम शहर में नहीं लगने देंगे। गौरव जैन ने भाजपा पर भ्रष्टाचार के साथ-साथ जन समस्याओं का निराकरण न कराना आदि आरोप जमकर लगाए। गौरव जैन ने कहा कि भाजपा का काम सत्ता हासिल करने के लिए शुरू से इसी तरह का रहा है। इस तरह के पोस्टर शहर के माहौल को खराब कर देंगे। पहले भी ऐसे ही बैनर लगवाकर भाजपाईयों ने विवाद उत्पन्न कराकर सत्ता हासिल की है। उन्होंने कहा कि सिर्फ सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ही नहीं बल्कि ये पूरे विपक्ष का अपमान है, क्योंकि बैनर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, आप पार्टी के अरविन्द केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान आदि लगभग पूरे विपक्ष के नेताओं के पोस्टर पर क्रॉस लगाया हुआ है। पुलिस के सामने ही ये बैनर फाड़ने के बाद सियासत गर्मा गयी है। अब देखना यह होगा कि शहर में पांच से अधिक लगे इन बैनरों को बाकी स्थानों से पुलिस हटवा पाती है अथवा नहीं।

# जिले में डेंगू के दो और एक और स्वाइन फ्लू पीड़ित मिला

## ▶▶ जनपद में ही होगी अब एच1एन1 की जांच, विभाग को मिली किट ▶▶ प्रचलित स्ट्रेन बहुत घातक नहीं, इससे घबराने के बजाय सतर्कता जरूरी

**मुजफ्फरनगर, 1 सितंबर (एजेंसी)।** जनपद में स्वाइन फ्लू का एक और पीड़ित मोरना में मिला है। इसके साथ ही जिले में आधिकारिक रूप से स्वाइन फ्लू मरीजों की संख्या 11 हो गई है। इस बीच बारिश के मौसम में डेंगू भी असर दिखाने लगा है। हाल में जिले में डेंगू के दो मरीज मिले हैं। उधर तमाम प्रयासों के बाद अब जिला चिकित्सालय में स्वाइन फ्लू पीड़ितों की जांच के लिए आरटीपीसीआर सुविधा शुरू हो गई है। हालांकि जांच में थर्ड कैटेगिरी के ऐसे मरीजों को प्राथमिकता मिलेगी, जिनमें खांसी और बुखार के साथ सांस फूलने की समस्या है।

जनपद में स्वाइन फ्लू का एक नया मरीज सामने आया है। मोरना निवासी एक व्यक्ति में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। मेरठ में नमूने की जांच के बाद यह मामला सामने आया। दूसरी ओर बारिश के बाद डेंगू का प्रकोप भी सामने आने लगा है। जिले में डेंगू के दो मरीज मिले हैं। जिला मलेरिया अधिकारी अलका सिंह ने बताया कि डेंगू के दो ताजा मामले शहर के पास बसेड़ा से मिले हैं। किदवई नगर का एक युवक




शहाबुद्दीनपुर और पुरकाजी इलाके में रानी का भी डेंगू से पीड़ित पाया गया है। इनमें शहाबुद्दीनपुर में मिला मरीज नोएडा से आया था। उन्होंने कहा कि इस समय बारिश थमने के बाद जगह-जगह एकत्र पानी में डेंगू का लार्वा पनपने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में घरों में कूलर, गमलों या अन्य पात्रों के साथ आसपास पानी जमा है तो इसे लेकर सावधानी बरतने की जरूरत है।

हालांकि जिस तरह से वायरल बुखार के पीड़ित बढ़ रहे हैं उससे लोगों को यह समाना मुश्किल हो रहा है कि यह सामान्य वायरल है, या फिर एन1एन1 वायरस है। अभी तक सही जांच की सुविधा ना होने के कारण भी इसका पता नहीं चल पा रहा था। मरीज निजी पैथोलॉजी की जांच पर ही निर्भर हैं। इस बीच जिला स्तर पर भी आरटीपीसीआर जांच की सुविधा उपलब्ध हो गई है। संक्रामक रोग प्रभारी डॉ. शमशेर ने बताया कि एच1 एन1 की जांच के लिए किट आ गई है और संभवतः कल से यह जांच पूरी तरह से शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि यह जांच नाक से स्वैब लेकर वैसे ही होती है, जैसे कोरोना के सैंपल लिए जाते थे, हालांकि इसकी किट अलग होती है। उन्होंने कहा कि अभी तक जांच में सामने आया है कि क्षेत्र में एच1 एन1 का जो स्ट्रेन सामने आया है, वह बहुत घातक नहीं है। यह पुराना स्ट्रेन है। मौसम के साथ यह बीमारी प्रभावी हो रही है। हालांकि इससे घबराने की जरूरत नहीं है। इसके बावजूद लोगों को सावधानी और सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यकतानुसार जांच एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि स्वाइन फ्लू से घबराने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन सभी लोग सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि खांसी या छींक आने पर मुंह और नाक को रुमाल या टिश्यू से ढकें, नियमित रूप से साबुन और पानी से हाथ धोते रहें तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर आवश्यकता के अनुसार मास्क का प्रयोग करें। बुखार, खांसी, गले में खराश, शरीर में दर्द अथवा सांस लेने में परेशानी जैसे लक्षण दिखाई देने पर समय से चिकित्सक से परामर्श लें। बीमार व्यक्ति को पर्याप्त आराम करना चाहिए और संक्रमण फैलने से रोकने के लिए अन्य लोगों से उचित दूरी बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि बिना चिकित्सकीय परामर्श के स्वयं एंटीबायोटिक अथवा अन्य दवाओं का सेवन न करें। खांसते या छींकते समय मुंह खुला न रखें, इस्तेमाल किए हुए टिश्यू को खुले में न फेंकें तथा बार-बार आंख, नाक और मुंह को हाथों से छूने से बचें। घर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखना भी संक्रमण से बचाव में महत्वपूर्ण है। लोग पूरी तरह सतर्क रहें और किसी भी तरह के फ्लू जैसे लक्षण होने पर लापरवाही न बरतें। बुखार, खांसी और सांस फूलने की समस्या होने पर इसकी जांच कराएं। इसके लिए पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं और किसी असामान्य स्थिति को छोड़कर इन दवाओं के जरिए स्ट्रेन पर काबू पाया जा सकता है।

# यूपी के साढ़े तीन लाख आउटसोर्स कर्मचारियों की सैलरी में सात हजार रुपये तक की बढ़ोतरी

**लखनऊ, 2 सितंबर (एजेंसी)।** साढ़े तीन लाख आउटसोर्स कर्मचारियों को प्रदेश की योगी सरकार ने सौगात दी है। आउटसोर्स कर्मचारियों की सैलरी में 7 हजार रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम की वेबसाइट लॉन्च करने के साथ ही इसका लोगो लॉन्च किया और आउटसोर्स कर्मचारियों को चेक भी बांटे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहे। कर्मचारियों को 50 लाख रुपये तक का बीमा कवर, आकस्मिक दवा के लिए 5 लाख और एयर एंबुलेंस के लिए 10 लाख रुपये की सहायता भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम (यूपीकोस) के लोगो का अनावरण किया। इस दौरान निगम की वेबसाइट और पोर्टल भी लॉन्च किया गया। यूपीकोस के जरिये प्रदेश के विभिन्न विभागों में काम कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों का एकीकृत रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। अभी कर्मचारियों से जुड़ी जानकारी अलग-अलग विभागों और आउटसोर्स एजेंसियों के स्तर पर रखी जाती है। नई व्यवस्था में इसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा। पोर्टल पर कर्मचारी की भर्ती, तैनाती, उपस्थिति और भुगतान से जुड़ी जानकारी दर्ज की जाएगी। इससे यह पता लगाना आसान होगा कि किस विभाग में कितने आउटसोर्स कर्मचारी काम कर रहे हैं और उन्हें कितना भुगतान किया जा रहा है। कर्मचारियों की सेवा से जुड़ा रिकॉर्ड भी डिजिटल रूप में उपलब्ध रहेगा। व्यवस्था लागू होने के बाद आउटसोर्स कर्मचारियों के भुगतान और तैनाती की प्रक्रिया पर निगरानी आसान होगी। किसी कर्मचारी के रिकॉर्ड, भुगतान या तैनाती से जुड़ी जानकारी की जरूरत होने पर उसे एक ही जगह से देखा जा सकेगा। इससे अलग-अलग एजेंसियों के जरिये होने वाली प्रक्रिया में गड़बड़ी की गुंजाइश कम करने में मदद मिलेगी।



# युद्धस्तर पर चले सर्च अभियान के बाद वंश का शव गंग नहर से बरामद

**भोपा, 02 सितम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा में जाहरवीर गोगा की म्हाड़ी पर आयोजित मेले में सोमवार रात मामूली कहासुनी के बाद हुई मारपीट की घटना और आरोपियों द्वारा पीछा किए जाने पर जान बचाने के लिए उफनती गंगनहर में छलांग लगाने वाले युवक वंश की तलाशी का अभियान युद्धस्तर पर चलने के बाद बुधवार देर शाम उसका शव भोपा पुल के पास बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी ओर शव बरामद होने के बाद परिजनों के साथ आई महिलाओं ने भोपा थाने के सामने जबरदस्त हंगामा करते हुए जाम लगाने का प्रयास किया। क्षेत्राधिकारी भोपा और थाना प्रभारी निरीक्षक ने किसी तरह समझा बुझाकर शांत किया। पुलिस ने बुधवार को मामले में कार्रवाई करते हुए एक बाल अपचारी सहित आधा दर्जन आरोपियों को जेल भेज दिया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा में जाहरवीर गोगा म्हाड़ी पर मेले का आयोजन किया गया था। बीते सोमवार की शाम भोपा निवासी अर्जुन मेले में घूमने के लिए गया था, तभी उसकी गैर संप्रदाय के आरोपी रिजवान से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद अर्जुन ने अपने साथी वंश, विपुल और शेखर को मामले की सूचना देकर मेले में बुला लिया, जिसके बाद मेला स्थल के पास स्थिति धर्मकांटे पर दोनों पक्षों में फिर मारपीट हुई। विवाद बढ़ने पर चारो युवक जान बचाने के लिए वहां से भाग निकले, जिस पर आरोपी पक्ष के युवकों ने युवकों का पीछा करना शुरू कर दिया। अपने को घिरता देख चारों युवक जान बचाने के लिए गंगनहर की तरफ भागे और वंश, शेखर और अर्जुन ने एक साथ नहर में छलांग लगा दी। अंधेरे में तेज बहाव में तीनों गंगनहर में बहने लगे। अर्जुन और शेखर किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए, लेकिन वंश गंग





गिरफ्तार आरोपी

नहर से बाहर नहीं निकल सका, जिसके बाद उसके गंग नहर में डूबने की आशंका जताई जा रही थी। घटना की सूचना पर भोपा थाने पहुंचे अतिरिक्त फोर्स को बुलाकर तलाशी अभियान में तेजी लाई गई थी। इसका परिणाम यह हुआ कि बुधवार देर शाम वंश का शव भोपा गंग नहर पुल



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने भोपा पुलिस को दो दिन में वंश को बरामद करने की हिदायत दी थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कड़े रुख के बाद बुधवार सुबह से ही अन्य थानों से से थोड़ा आगे बरामद किया गया। शव बरामद होते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई, जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुछ देर बाद ही किसी अफवाह के चलते सैकड़ों की संख्या में महिलाएं भोपा थाने पर पहुंच गई और हंगामा करते हुए जाम लगाने का प्रयास किया। जहां क्षेत्राधिकारी भोपा लक्ष्मण वर्मा और थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष कुमार ने किसी तरह समझा-बुझा कर भीड़ को शांत किया। भोपा थाने पर पहुंचे नायब तहसीलदार बृजेश कुमार से वार्ता करते हुए प्रधान पुत्र तरुण धीमान, अनिल कश्यप मोरना, हरिराम कश्यप भोपा, सतीश कश्यप भोपा, कुलदीप कश्यप ककराला, सोनू कश्यप ने बताया कि मृतक वंश के परिवार में आजीविका का संकट उत्पन्न हो गया है। मृतक की अविवाहित बहन वंशिका को सरकारी नोकरी दी जाए, माता मौसम देवी को भी कोई रोजगार उपलब्ध कराया जाए। मकान को पक्का बनवाने के अलावा आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा जो युवक वंश को बुलाकर ले गए थे उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाए। वही बुधवार को भोपा पुलिस ने एक बाल अपचारी सहित रिजवान, अफजाल, साहिल उर्फ भोलू, सुहैल उर्फ अजूबा, अल्बख्श उर्फ बख्शी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# सात सौ करोड़ की ठगी के आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** जिले में निवेश के नाम पर व्यापारियों, कारोबारियों और आम लोगों से करीब 700 करोड़ रुपये की कथित ठगी के मामले में विशेष न्यायालय एससी-एसटी कोर्ट के पीठासीन अधिकारी डा. विजय कुमार ने आरोपी प्रमोटर जयभगवान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोपी जयभगवान हरियाणा के रोहतक जिले के कलानौर का रहने वाला है। अभियोजन के अनुसार ठगी के मामले में 3 जुलाई 2025 को नई मंडी निवासी मनमोहन गोयल समेत कुल 56 लोगों ने मंडी कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपियों ने लोगों को अलग-अलग निवेश कंपनियों में अपना पैसा लगाने का झांसा दिया था। इन लोगों को यह लालच दिया गया था कि अगर वे इन कंपनियों में पैसे का निवेश करेंगे, तो उन्हें हर महीने 12 प्रतिशत का भारी-भरकम मुनाफा दिया जाएगा। इस ठगी के खेल में ट्रूली इंडिया, एसआर एक्टिव, एफएक्स स्टाक और एफएक्स स्टाक मार्केट नाम की कंपनियों का इस्तेमाल किया गया था। लोगों को निवेश के लिए आकर्षित करने और उन्हें प्रभावित करने के उद्देश्य से भोपा रोड पर स्थित होटल रेडियंट इन में एक बड़ी बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में कंपनी के मालिक हरियाणा के जींद जिले के गांव जुलाना निवासी दीपक मलिक, रामकिशोर सैनी निवासी लुहसाना बुढ़ाना व दीपक सैनी निवासी कलानौर रोहतक के साथ प्रोमोटर जयभगवान और गोविंद, जो कि रोहतक के कलानौर ने लोगों को मोटे मुनाफे का भरोसा देकर निवेश करने के लिए प्रेरित किया था। दीपक मलिक ने जॉर्जिया देश में रहते हुए ही जूम एप के माध्यम से भारत में विभिन्न लोगों से संपर्क साधा था। शिकायत के अनुसार, मुजफ्फरनगर जनपद के ही रहने वाले 56 लोगों से अलग-अलग मोटे पैसे का निवेश कराया गया था। आरोप है कि इन लोगों ने देशभर के लोगों को मिलाकर करीब 700 करोड़ रुपये की कथित ठगी को अंजाम दिया है। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब लोगों को कोई मुनाफा नहीं मिला, तो उन्होंने अपनी मूल रकम वापस मांगनी शुरू की। आरोपियों ने उन्हें पैसे वापस करने के बजाय कथित तौर पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां देनी शुरू कर दीं। इस मामले में आरोपी प्रमोटर जयभगवान ने गिरफ्तारी से बचने के लिए विशेष न्यायालय एससी-एसटी कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी। कोर्ट के पीठासीन अधिकारी डा. विजय कुमार ने आरोपी प्रमोटर जयभगवान की अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज कर दिया।

## दिल्ली व हरिद्वार के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**नई दिल्ली, 2 सितंबर (एजेंसी)।** दिल्ली व हरिद्वार के बीच जन्माष्टमी पर तीन स्पेशल ट्रेन चलेंगी। रेलवे ने जन्माष्टमी पर दिल्ली से हरिद्वार जाने वालों के लिए खास ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह अनारक्षित ट्रेन दिल्ली जं., गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, देवबंद व रुड़की होते हुए हरिद्वार चलेंगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन संख्या 04413 दिल्ली से हरिद्वार के लिए 3, 4 और 5 सितंबर (गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार) को चलेगी। यह ट्रेन दिल्ली से रात 11 बजे रवाना होकर गाजियाबाद (23:40/23:42 बजे), मेरठ सिटी (00:25/00:27 बजे), मुजफ्फरनगर (01:05/01:07 बजे) और रुड़की (03:40/03:42 बजे) होते हुए अगले दिन सुबह 04:55 बजे हरिद्वार पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04414 हरिद्वार से दिल्ली के लिए 4, 5 और 6 सितंबर को संचालित होगी। यह ट्रेन हरिद्वार से शाम पांच बजे रवाना होकर रुड़की (18:00/18:02 बजे), मुजफ्फरनगर (19:03/19:05 बजे), मेरठ सिटी (19:55/20:00 बजे) और गाजियाबाद (21:08/21:10 बजे) होते हुए रात 10 बजे दिल्ली पहुंचेगी। जन्माष्टमी पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए इस विशेष ट्रेन के संचालन से दिल्ली-हरिद्वार मार्ग पर यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी और नियमित ट्रेनों पर भीड़ का दबाव कम होने की उम्मीद है।

श्री कृष्ण कृपा

रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।
श्रीमद्भगवद्गीता, अध्याय 2 (श्लोक 23)

सुनहु भरत भावी प्रबल, बिलखि कहेउ मुनिनाथ।
हानि लाभु जीवनु मरनु, जसु अपजसु विधि हाथ।।
श्रीरामचरितमानस, अयोध्याकाण्ड (दोहा 171)



अत्यंत दुःख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे पूज्य
श्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता जी (पूर्व आयकर अधिकारी)
सोमवार 24 अगस्त, 2026 को अपनी सांसारिक यात्रा पूरी करके श्रीचरणों में शरणागति प्राप्त करने हेतु गोलोक गमन कर गये हैं। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
रस्म पगड़ी आज बृहस्पतिवार 03 सितम्बर, 2026 को निम्न कार्यक्रमानुसार होनी निश्चित हुई है।

कार्यक्रम
• ब्रह्मभोज : 12 बजे दोपहर
• रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा : 2 बजे दोपहर
• कार्यक्रम स्थल- बारात घर, गांधी कॉलोनी, पचेण्डा रोड, मुजफ्फरनगर

प्रतिष्ठान
अमर कान्त गुप्ता एण्ड एसोसिएट्स
(GST & INCOME TAX)
कृष्णा चैम्बर
202-A, सिविल लाईन्स (साउथ), मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार
अमर कान्त गुप्ता एडवोकेट - प्रो. निशा गुप्ता (पुत्र-पुत्रवधू)
समर कान्त गुप्ता LIC - रजनी गुप्ता (पुत्र-पुत्रवधू)
महिमा गुप्ता (पुत्रवधू), हर्षवर्धन गुप्ता, सार्थक गुप्ता (पौत्र)
एवं समस्त गुप्ता परिवार

निवास स्थान : 17 व 78, पटेल नगर, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क सूत्र - 9837156133, 9897064404

# अंकित बालियान की तेरहवीं में पहुंचे तमाम नेता

**शामली, 2 सितंबर (एजेंसी)।** हरियाणवी गायक अंकित बालियान की तेरहवीं के आयोजन में बुधवार को राजनीतिक और किसान संगठनों से जुड़े कई नेता पहुंचे।





नेताओं ने परिवार को सांत्वना दी और हत्याकांड में शामिल बाकी आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई। पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि सरकार में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि पुलिस एसटीएफ के साथ तालमेल कर काम कर रही है। मुठभेड़ में दो आरोपियों के मारे जाने को उन्होंने पुलिस का प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि सरकार में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है और योगी सरकार में अपराधियों को कोई छूट नहीं है। उन्होंने कहा कि इस घटना का सभी को कष्ट है और सरकार परिवार के साथ है।

**संजीव बालियान बोले- सोशल मीडिया से बिगड़ रहे बच्चे**

**शामली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान ने युवाओं के अपराध की ओर बढ़ने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के बच्चे हरियाणा और पंजाब में गलत संगत में पड़ रहे हैं। युवाओं को इससे रोकने के लिए गंभीर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर छोटे-छोटे बच्चे भी प्रभावित हो रहे हैं। सरकार के साथ-साथ समाज को भी इस विषय पर गंभीर होना होगा। उन्होंने कहा कि अंकित हत्याकांड में बाकी अपराधियों पर भी जल्द कार्रवाई होगी। संजीव बालियान ने कहा कि उन्होंने खुद हरियाणा में पढ़ाई की है और हरियाणा और उत्तर प्रदेश को एक ही माना जाता है।

**नरेश टिकैत बोले- दुख की घड़ी में परिवार के साथ**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता नरेश टिकैत ने कहा कि वह दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ हैं। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि प्रशासन कार्रवाई कर रहा है।

**मोहित बेनीवाल बोले- अपराधियों की कमर तोड़ने का काम जारी**

**शामली।** भाजपा एमएलसी मोहित बेनीवाल ने कहा कि अंकित बालियान असमय दुनिया से चला गया। परिवार के दुख को बांटने के लिए पार्टी उनके साथ है। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उनकी सरकार के दौरान माफियाओं को संरक्षण मिलता था और जब माफियाओं का एनकाउंटर होता था तो अखिलेश यादव उनके साथ खड़े रहते थे। मोहित बेनीवाल ने कहा कि सरकार अपराधियों की कमर तोड़ने का काम कर रही है और जल्द ही सभी बदमाशों पर शिकंजा कसा जाएगा।

**कांग्रेस नेता अजय राय बोले- परिवार को नौकरी-आर्थिक सहायता मिले**

**शामली।** कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय राय ने सरकार से उनके परिवार को सरकारी नौकरी और उचित आर्थिक सहायता देने की मांग की। उन्होंने कहा कि हत्याकांड में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए और उन्हें सख्त सजा मिलनी चाहिए।

**मृगांका सिंह ने परिवार को दी सांत्वना**

**शामली।** भाजपा नेता मृगांका सिंह भी अंकित के परिवार से मिलीं और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर दुख की इस घड़ी में परिवार को शक्ति प्रदान करें।

**अंकित के नाम पर बने प्रवेश द्वार और सार्वजनिक स्थल**

**शामली।** परिवार ने मांग की है कि अंकित की स्मृति को स्थायी रूप से जीवित रखने के लिए गांव के प्रवेश पर उनके नाम से एक प्रवेश द्वार बनाया जाए। किसी स्कूल, खेल मैदान या अन्य सार्वजनिक स्थल का नाम भी अंकित बालियान के नाम पर रखने की मांग की गई है। परिजनों का कहना है कि इससे आने वाली पीढ़ियां अंकित के योगदान को याद रख सकेंगी।

## अंकित की तेरहवीं वाहनों की एंट्री बंद, ई-रिक्शा से पहुंचे नेता

**शामली।** बंतीखेड़ा में हरियाणवी गायक अंकित बालियान की तेरहवीं के हवन आयोजन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। गांव में चार स्थानों पर बैरिकेडिंग कर रास्तों को नियंत्रित किया गया है। अंकित के घर तक बाइक और अन्य वाहनों को जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के चलते पूरा गांव छावनी में तब्दील नजर आ रहा है। गांव में प्रवेश से पहले ही वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित किया जा रहा है। अंकित के घर की ओर जाने वाले रास्ते पर अलग-अलग स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई है। कुछ जगह ग्रामीण भी रास्तों को नियंत्रित करते नजर आए। आगे ट्रैक्टर खड़े कर वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया है। बैरिकेडिंग के बाद लोगों को पैदल ही अंकित बालियान के घर तक जाने दिया गया। किसी भी वाहन को घर के आसपास जाने की अनुमति नहीं थी। बुजुर्गों और चलने में असमर्थ लोगों की सुविधा के लिए गांव के बाहर ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है। यहां से उन्हें गांव के अंदर तक पहुंचाया जा रहा है, ताकि उन्हें पैदल ज्यादा दूरी तय न करनी पड़े। अंकित के घर तक गांव के बाहर से जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया है।

## अंकित बालियान के हत्यारों की तलाश के लिए रेड कॉर्नर नोटिस जारी

### 'खास भाई की भड़क, जो खटकेगा वो भटकेगा...', गाने ने भड़काया था गिरोह

**शामली, 2 सितंबर (एजेंसी)।** हरियाणवी गायक अंकित हत्याकांड में वांछित चल रहे करनाल के शार्प शूटर सत्यम और आर्यन की तलाश में पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली हवाई अड्डा खंगाला। दोनों के विदेश भागने की आशंका को देखते हुए हवाई अड्डे पर निगरानी बढ़ाई गई है। इसके अलावा पुलिस टीमों ने हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और गुजरात में भी कई स्थानों पर उनकी तलाश के लिए दबिश दी। अंकित हत्याकांड के बाद से सत्यम और आर्यन वांछित हैं। पुलिस को आशंका है कि दोनों विदेश भागने की फिराक में हैं। कनाडा में गोगी गिरोह के चिराग और मोंटी के होने की जानकारी है, जो गिरोह का संचालन कर रहे हैं। इसी को देखते हुए पुलिस हवाई अड्डे समेत अन्य संभावित ठिकानों पर लगातार निगरानी कर रही है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गिरोह के संबंध में पुलिस को कई अहम सुराग मिले हैं। वांछित निशानेबाजों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। हवाई अड्डे पर भी निगरानी रखी जा रही है। अंकित हत्याकांड की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार निगरानी कर रहे हैं। शासन स्तर से भी मामले में पुलिस की कार्रवाई की जानकारी ली जा रही है। पुलिस उपमहानिरीक्षक और अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारी भी पुलिस की गतिविधियों और जांच की प्रगति पर नजर रख रहे हैं। पुलिस ने गोगी गिरोह के सदस्यों के लिए रेड कार्नर नोटिस जारी कराया है। रेड कॉर्नर नोटिस इंटरपोल की ओर से किसी ऐसे वांछित आरोपी की तलाश और गिरफ्तारी के लिए जारी किया जाता है, जो किसी दूसरे देश में छिपा हो। एसपी एनपी सिंह ने बताया कि कि दोनों की तलाश में हरियाणा समेत विभिन्न स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार किया जाएगा। राकेश पंपू, रोहित और भोलू शाहपुरिया के नाम भी पुलिस ने अंकित हत्याकांड में चारों शार्प शूटरों के अलावा करनाल जेल में बंद पंपू गिरोह के राकेश उर्फ पंपू, दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद रोहित और गोगी गिरोह के सरगना भोलू शाहपुरिया के नाम भी मुकदमे में बढ़ाए हैं। पुलिस के अनुसार, तीनों की भूमिका की जांच की जा रही है। एसपी एनपी सिंह ने बताया कि जांच में पुलिस को हथियारों की सप्लाई को लेकर भी अहम जानकारी मिली है। पुलिस के अनुसार, गोगी गिरोह पंजाब से हथियार खरीदकर अपने शार्प शूटरों तक पहुंचाता था। सोनीपत के शूटरों को भी पंजाब से पिस्टल उपलब्ध कराए जाने की आशंका है। पुलिस इस दिशा में भी जांच कर रही है।

## मुठभेड़ से डरा गैंगस्टर बोला : 'मुझे हाथ-पांव में बेड़ियां डालकर ले जाए पुलिस'

**शामली, 2 सितंबर (एजेंसी)।** अंकित बालियान हत्याकांड में साजिश रचने का आरोपी बनाए गए करनाल जेल में बंद हरियाणा के गैंगस्टर राकेश उर्फ पंपू ने कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। आरोपी ने आशंका जताई है कि पूछताछ के लिए उत्तर प्रदेश लाए जाने के दौरान यूपी पुलिस उसका फर्जी एनकाउंटर कर सकती है। उसने अदालत से मांग की है कि उसे बेड़ियों में जकड़कर यूपी भेजा जाए। आरोपी की ओर से दाखिल अर्जी में कहा गया है कि पूछताछ के दौरान पुलिस यह दर्शा सकती है कि उसने पुलिस की पिस्टल छीनकर भागने का प्रयास किया। इसके बाद मुठभेड़ में उसे मार गिराने की बात कही जा सकती है। इसी आशंका का हवाला देते हुए उसने अदालत से सुरक्षा की मांग की है। शामली पुलिस ने राकेश उर्फ पंपू का बी वारंट लेकर उसे अपनी कस्टडी में लेने की मांग की है। पुलिस अंकित बालियान हत्याकांड की साजिश में उसकी भूमिका की जांच के लिए उससे पूछताछ करना चाहती है।

# अयोध्या : पूर्व एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा राम मंदिर के सीईओ, गोविंद देव गिरी नए महासचिव बने

**अयोध्या, 2 सितंबर (एजेंसी)।** अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ ) को लेकर निर्णय हो गया है। एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा ट्रस्ट के सीईओ चुने गए हैं। बुधवार को अयोध्या की मणिरामदास छावनी में महंत नृत्यगोपालदास की अध्यक्षता में हुई ट्रस्ट की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। बैठक में ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ ही आमंत्रित सदस्य भी मौजूद रहे। वहीं, ट्रस्ट की बैठक में नए महासचिव की भी घोषणा कर दी गई। गोविंद देव गिरी ट्रस्ट के नए महासचिव होंगे। बैठक में ट्रस्ट के तीन नए सदस्यों की भी घोषणा की गई है। नए शामिल होने वाले सदस्यों में मदन मोहन पांडेय अयोध्या के, महेश भागचंदका दिल्ली के और निर्मला यादव अयोध्या से हैं। राम मंदिर ट्रस्ट के कार्यवाहक महासचिव कृष्ण मोहन ने बताया कि 16 लोगों के इंटरव्यू हुए थे। इनमें से तीन नाम चुने गए थे जिनमें एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा, मेजर जनरल संजय प्रताप सिंह और श्रुति भारद्वाज के नाम शामिल थे। सीईओ पद के लिए जितेंद्र मिश्रा का नाम फाइनल किया गया है। इसके अलावा, राम मंदिर के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि नए महासचिव बनाए गए हैं। कृष्ण मोहन ने बताया कि मदन मोहन पांडेय अयोध्या के रहने वाले हैं। पेशे से वकील हैं। वह राम जन्मभूमि-बाबरी विवाद मामले में रामलला की ओर से कानूनी पैरवी करने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। डॉ. निर्मला यादव शिकोहाबाद की रहने वाली हैं। वह हिंदी और संस्कृत में परास्नातक हैं। उन्हें विश्वविद्यालय में 15 साल तक काम करने का अनुभव है। बैठक में प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ऑनलाइन जुड़े। दूसरी बैठक दोपहर 3 बजे से हुई जिसमें राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा भी शामिल हुए। एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा मूल रूप से देवरिया जिले के भाटपाररानी क्षेत्र के भोपतपुरा गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायुसेना में फाइटर पायलट के रूप में कमीशन प्राप्त किया था। अपने लंबे सैन्य करियर में उन्होंने 18 से अधिक प्रकार के विमानों पर उड़ान भरी और 3,000 घंटे से ज्यादा का उड़ान अनुभव हासिल किया। कमांडिंग-इन-चीफ के पद पर भी रहे हैं। इसके अलावा एकीकृत रक्षा स्टाफ में उप प्रमुख (सिद्धांत, संगठन एवं प्रशिक्षण) जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। देश के साथ अमेरिका और ब्रिटेन के प्रतिष्ठित रक्षा संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले मिश्रा के पास बड़े संगठन के संचालन और नेतृत्व का व्यापक अनुभव है।



## यूपी के सरकारी अस्पतालों में मुफ्त होगी स्वाइन फ्लू की जांच

**लखनऊ, 2 सितंबर (एजेंसी)।** प्रदेश में इन्फ्लुएंजा-ए (एच1एन1) के 685 मामले सामने आने के बाद सरकार ने निगरानी और उपचार व्यवस्था को और कड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार की शाम को अपने आवास पर समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में एच1एन1 (स्वाइन फ्लू) की जांच निश्शुल्क कराई जाए और अधिक मामलों वाले जिलों में संक्रमण की निगरानी से लेकर उपचार तक की व्यवस्था तत्काल मजबूत की जाए। गंभीर मरीजों के लिए अलग आईसीयू वार्ड तैयार करने के साथ अस्पतालों में दवाओं, जांच, आइसोलेशन बेड और रेफरल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने निजी चिकित्सा संस्थानों को भी जांच के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली न करने की हिदायत दी है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को एच1एन1 की रोकथाम और उपचार के लिए विस्तृत गाइडलाइन जारी करने तथा टेलिकन्सल्टेशन व्यवस्था प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

# इंडियन हॉस्पिटल तथा न्यू लाइफ हॉस्पिटल सील

### अनियमितताओं के चलते स्वास्थ्य विभाग की गिरी गाज

**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अनियमितताओं के चलते रुड़की रोड के इंडियन हॉस्पिटल तथा न्यू लाइफ हॉस्पिटल को सील कर दिया है। डिप्टी सीएमओ डॉ.महक सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आज फिर शहर में अनियमितता बरतने वाले नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाई की। इसके चलते रुड़की रोड स्थित इंडियन हॉस्पिटल को आज सील कर दिया गया। गत सप्ताह ऑपरेशन के बाद एक प्रसूता की मौत के बाद परिजनों ने चिकित्सकों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी इकराम की पत्नी मुस्कान उर्फ छोटी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन रुड़की रोड स्थित इंडियन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। वहां प्रसूति के बाद अधिक रक्तस्राव होने के कारण उसकी मौत हो गई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल के चिकित्सक का पंजीकरण निलंबित कर दिया था। इसके अलावा रुड़की रोड स्थित न्यू लाइफ हॉस्पिटल को भी आज सील कर दिया गया। इस हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुधवार सुबह छापेमारी की तो वहां अस्पताल में चार बीमार बच्चे भर्ती मिले, लेकिन मौके पर उनका इलाज करने वाला कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों की सुरक्षा और सही इलाज के लिए चारों बीमार बच्चों को तुरंत दूसरे अस्पताल में शिफ्ट कराया और न्यू लाइफ हॉस्पिटल का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया था। आज पहुंची टीम ने उक्त हॉपिटल को सील कर दिया। अधिकारियों के अनुसार न्यू लाइफ हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं को लेकर स्वास्थ्य विभाग को काफी समय से शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों में अस्पताल में मरीजों के इलाज की स्थिति और वहां की चिकित्सा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए गए थे। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल की जांच कराने का फैसला किया। आज फिर स्वास्थ्य विभाग की टीम न्यू लाइफ हॉस्पिटल पहुंच गई और इसे सील कर दिया। डिप्टी सीएमओ डॉ.महक सिंह ने बताया कि उक्त हॉस्पिटल में कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। जांच होने तक उक्त हॉपिटल सील रहेगा।



## दुष्कर्म पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी ने दिये थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश

### -पीड़िता व उसके परिवार को एसएसपी ने अपने एस्कॉर्ट वाहन से सिखेड़ा थाने पर भिजवाया

**मुजफ्फरनगर, 2 सितम्बर (बु.)।** दुष्कर्म की शिकार पीड़िता को धमकी देने की शिकायत मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने गंभीरता दिखाते हुए पीड़िता व उसके परिवार के लोगों को अपने एस्कॉर्ट वाहन से सिखेड़ा थाने पर भिजवाया। इसके साथ-साथ सिखेड़ा थाना प्रभारी को पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार सिखेड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ कुछ दिन पहले दो आरोपियों ने दुष्कर्म किया था। युवती ने आरोप लगाते हुए जानकारी दी कि आरोपी जबरदस्ती उसे सुबह के समय अपने साथ लेकर गए थे। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस प्रकरण में पुलिस आरोपी के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर चुकी है। बुधवार को पीड़िता व उसकी मां पुलिस कार्यालय पर पहुंची और एसएसपी से शिकायत की, जिससे खिन्न होकर आरोपी पक्ष के लोग उसे मुकदमा वापस लेने की धमकी दे रहे हैं। एसएसपी ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता व उसकी मां को अपने एस्कार्ट वाहन से सिखेड़ा थाने भिजवाया। एसएसपी ने सिखेड़ा थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

## ठगी का शिकार हुए व्यापारी की 1 करोड़ 4 लाख रुपये की धनराशि वापस कराई

**मुजफ्फरनगर, 2 सितम्बर (बु.)।** साइबर ठगी का शिकार हुए व्यापारी की एक करोड़ चार लाख रुपए की धनराशि थाना साइबर क्राइम पुलिस ने वापस करा दी। व्यापारी से साइबर ठगों ने धोखाधड़ी करते हुए 2 करोड़ की धनराशि बैंक खाते से ट्रांसफर करा ली थी। व्यापारी व उसके परिवार ने पुलिस का आभार जताया है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा व एसपी क्राइम इन्दु सिद्धार्थ ने जानकारी दी कि नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के पटेलनगर निवासी ऑनलाइन मोबाइल के कारोबारी कुशाग्र अग्रवाल ने साइबर क्राइम थाने पर जानकारी देते हुए बताया कि वह फ्यूचर मोबाइल एलएलपी कम्पनी में साझेदार है। यह कम्पनी देशभर में मोबाइल, इलेक्ट्रिक गैजेट्स आपूर्ति करने के लिए होल सेलर के रूप में काम करती है। विभिन्न ऑनलाइन मंच पर नए मोबाइल व सामान डिलीवर करती है। 20 जुलाई 2025 अज्ञात व्यक्ति ने उनके व्हाट्सएप प्रोफाइल को चोरी करने के साथ कुछ पुरानी चैट लगाकर उनके कर्मचारी के मोबाइल पर मैसेज भेजे थे। व्हाट्सएप चैट कर सुब्रह्मण्यम इंपेक्स प्रा. लि. कम्पनी के आईसीआईसीआई हैदराबाद का खाता भेजकर दो करोड़ रुपए ट्रांसफर कर लिए थे। एसपी क्राइम के नेतृत्व में थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने पैसे ट्रांसफर का पहला चरण आंध्र प्रदेश का निकाला। उसके बाद पैसे हैदराबाद, पश्चिम बंगाल, लखनऊ समेत विभिन्न राज्यों में भेजे गए थे। एसपी क्राइम ने बताया कि धोखाधड़ी कर निकाले गए दो करोड़ रुपए की धनराशि में से 1.23 करोड़ रुपए की धनराशि 24 से अधिक बैंक खातों में होल्ड करा दी गयी थी। बुधवार को व्यापारी को 1.04 करोड़ रुपए की धनराशि उसके बैंक खाते में वापस करा दी गयी है। पैसे वापस मिलने पर व्यापारी ने पुलिस को आभार जताया है।

## मेरठ बंद का असर: बारिश में भी डटे व्यापारी, छतरी लगाकर दिया धरना; बाजार बंद

**मेरठ, 2 सितंबर (एजेंसी)।** शास्त्री नगर में ध्वस्तीकरण और आवास विकास परिषद की सैटबैक कार्रवाई के विरोध में संयुक्त मेरठ बचाओ समिति की ओर से बुधवार को मेरठ बंद का आह्वान किया गया। सुबह से हो रही बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में व्यापारी आंदोलन में शामिल होने के लिए गुरुद्वारा रोड पहुंचे। यहां डॉ. अशोक गर्ग के क्लीनिक के बाहर व्यापारियों ने छतरी लगाकर धरना शुरू कर दिया। सुबह से बारिश होने के बावजूद व्यापारियों का उत्साह कम नहीं हुआ। शास्त्री नगर के कुछ व्यापारी सड़कों पर निकले और अन्य व्यापारियों से मेरठ बंद को सफल बनाने में सहयोग की अपील की। अलग-अलग रास्तों से व्यापारी धीरे-धीरे गुटों में धरना स्थल तक पहुंचते रहे। धरना स्थल पर एक ट्रैक्टर पर अंधा कानून के गाने बजाए जाने लगे। पुलिस ने इस पर एतराज जताया, जिसके बाद ट्रैक्टर को हटा दिया गया। इसके बाद कुछ व्यापारी ट्रैक्टर पर बैठकर बाजार की ओर निकल गए। संयुक्त मेरठ बचाओ समिति के अध्यक्ष रविंद्र गुर्जर के नेतृत्व में व्यापारियों ने आवास विकास परिषद और अधिकारियों के खिलाफ मेरठ बंद को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, मेरठ बार एसोसिएशन और नर्सिंग होम एसोसिएशन समेत कई संगठनों का समर्थन मिला।

# नो-पार्किंग में खड़े 232 वाहनों पर चला ट्रैफिक पुलिस का डंडा, सड़क किनारे से हटवाया अतिक्रमण

**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था और सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को यातायात पुलिस ने सघन अभियान चलाकर कार्रवाई की। पुलिस की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों और नो-पार्किंग में वाहन खड़े करने वालों में हड़कंप मचा रहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात राधा रमन और यातायात प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मालवीय चौक से अंसारी रोड, घास मंडी, नावल्टी चौक होते हुए शिव चौक तक दोनों ओर अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया, जिससे सड़क पर यातायात के लिए अतिरिक्त जगह उपलब्ध हो सके। अभियान के दौरान नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़े करने वालों पर भी सख्ती दिखाई गई। कुल 232 वाहनों के चालान किए गए। यातायात पुलिस की कार्रवाई का उद्देश्य शहर में जाम की समस्या को कम करना और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना बताया गया। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि वे नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा न करें और यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस ने शराब पीकर वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन पर हेलमेट लगाने, तीन सवारी न बैठाने और वाहन के आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की भी अपील की है।



## कानफोड़ू पटाखा बाइकों पर गाज,15 के चालान

**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (एजेंसी)।** शहर में दहशत फैलाने वाली कानफोड़ू पटाखा बाइकों के आंतक को लेकर यातायात पुलिस ने मॉडिफाई साइलेंसर लगे वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए कुल 15 वाहनों के चालान किए हैं। पुलिस की तमाम कार्रवाई और चेतावनी के बावजूद बिगड़े हुए युवाओं में पटाखा बाइक और मॉडीफाइड साइलेंसरों का क्रेज कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मुख्य मार्गों से लेकर गली मौहल्लों तक साइलेंसर से भड़भड़ आवाज और पटाखे बजाते युवा आतंक फैलाते नजर आ रहे हैं। इसके चलते एक बार फिर पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी यातायात राधा रमन सिंह प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा जनपद क्षेत्र में महावीर चौक मीनाक्षी चौक पर अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत मॉडिफाई साइलेंसर प्रयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए कुल 15 वाहनों के चालान किए गए। यातायात पुलिस द्वारा यह अभियान जनहित में चलाया गया। अधिकारियों ने कहा कि अवैध रूप से मॉडीफाइड साइलेंसर लगवाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का अभियान जारी रहेगा। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचें। शराब पीकर वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय धैर्य एवं सतर्कता बनाए रखें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। तीन सवारी न बैठाएं। वाहन के सभी आवश्यक कागजात (ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र आदि) साथ रखें।



## 10 अवैध निर्माणों 21 दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सील किया

**मुजफ्फरनगर, 2 सितंबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण (एमडीए) ने अवैध निर्माणों और बिना मानचित्र स्वीकृत कराए काटी जा रही अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान दस स्थानों पर अवैध रूप से बनी 21 दुकानों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया। एमडीए की उपाध्यक्ष (वीसी) श्रीमती प्रणता ऐश्वर्या के आदेश पर आज एमडीए की टीम ने जोन-3, 4 और 5 में अभियान चलाकर 10 अलग-अलग स्थलों पर सील और ध्वस्तीकरण (डेमोलिशन) की कार्रवाई की। प्राधिकरण की टीम ने मिमलाना रोड पर अनवर स्टार पैलेस के पीछे डॉ. यामीन, फुरकान और नरेश उर्फ बंटी द्वारा लगभग 11 बीघा जमीन में बिना ले-आउट पास कराए काटी जा रही अवैध कॉलोनी के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कर उसे पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इसके अलावा रामपुर तिराहे पर नीरज चौहान द्वारा अवैध कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर बनाए गए अवैध मुख्य द्वार (गेट) को भी बुलडोजर से गिरा दिया गया।

**अवैध दुकानों और कमर्शियल हॉल पर ठोकी गई सील**

इसके अलावा प्राधिकरण की टीम ने शहर के अलग-अलग प्रमुख स्थानों पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराए निर्मित की गई दुकानों और व्यावसायिक निमार्णों को सील कर दिया। इनमें शामली रोड (खांजापुर) में समय सिंह द्वारा लगभग 500 वर्गमीटर में भूतल व प्रथम तल पर निर्मित व्यावसायिक हॉल को सील किया गया। रूड़की रोड पर श्रीराम कटोरी द्वार के पास मनीष द्वारा 100 वर्गमीटर में बनी 4 दुकानें तथा अभिषेक सिंह द्वारा 75 वर्गमीटर में बनी 2 दुकानों (भूतल व प्रथम तल) को सील किया गया। रामलीला टीला पर श्रीमती वीरमती व श्रीमती कविता सैनी द्वारा 125 वर्गमीटर में भूतल पर निर्मित 6 दुकानों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की गई। शाहबुद्दीनपुर रोड पर पिंटू पुत्र स्व. सेवाराम द्वारा 200 वर्गमीटर में भूतल पर निर्मित 4 दुकानों और प्रथम तल के आवासीय निर्माण को सील कर दिया गया। एनएच-58 बाईपास पर गणपति ढाबे से पहले मुजस्सिम अली पुत्र शमशाद अली द्वारा 180 वर्गमीटर में बने 2 व्यावसायिक हॉल सील किए गए हैं। हरिद्वार रोड पर गणपति ढाबा के पास इमरान द्वारा 450 वर्गमीटर में भूतल पर निर्मित 2 बड़े व्यावसायिक हॉल सील किए गए। इसके अलावा हाईवे पर शिव ढाबा के पास आलम (पुत्र मोहम्मद इस्लाम) द्वारा 300 वर्गमीटर में पिलर व दीवारें खड़ी कर बनाए जा रहे व्यावसायिक निर्माण को सील कर दिया गया। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि इन सभी अवैध निर्माणों के खिलाफ एमडीए द्वारा पूर्व में ही नोटिस जारी किए गए थे। चालानी कार्रवाई के उपरांत सील व ध्वस्तीकरण के अंतिम आदेश भी निर्गत हो चुके थे। इसके बावजूद भू-स्वामियों ने न तो निर्माण रोका और न ही खुद से अवैध निर्माण हटाया। इसी के चलते बुधवार को एमडीए के सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्राधिकरण की विशेष प्रवर्तन टीम और भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर यह कठोर कार्रवाई की। प्राधिकरण की इस सख्त कार्रवाई से शहर के अवैध निर्माणकर्ताओं और भू-माफियाओं में भारी हड़कंप मच गया।

# कहां गई नेताओं की पावर, नहीं हटवाया जा रहा एक अवैध टावर

**मुजफ्फरनगर, 2 सितम्बर (बु.)।** दक्षिणी कृष्णापुरी में टावर न हटने का मामला अब जोर पकड़ता जा रहा है। जल्द ही मौहल्ले की सड़कों से बाहर निकलकर कचहरी अथवा शिवचौक पर कृष्णापुरी के लोग भूख हड़ताल पर बैठने जा रहे हैं। आपको बता दें कि पिछले डेढ़-दो माह से अवैध रूप से लगाया हुआ एक मोबाइल टावर क्षेत्र के लोगों के विरोध के बाद भी सत्ताधारियों से हटवाया नहीं गया। ऐसे में मजबूर होकर जनता ने नेताओं को दरकिनार कर अपना काम अपने आप करने की ठान ली है। बुलेटिन की टीम बुधवार को आमजन के बीच पहुंची तो क्षेत्र के लोगों ने बताया कि जिन नेताओं से शहर का विकास नहीं हो पा रहा और उन नेताओं की कोई सुनता भी नहीं है, ऐसे नेता अब अपनी खीझ निकालने के लिए यह कह रहे हैं कि हम लोग सपाई हैं। जनता का कहना है कि यदि वे माननीय हमारे बीच आकर यह बात कह दें तो पिछली बार जो वोट देने की गलती हमने की है, उसे नहीं दोहराएंगे और सचमुच सपा को ही वोट देकर आएंगे। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि आज आम जनता की हालत इतनी दयनीय हो चुकी है कि पहले हमें पलायन के पोस्टर लगाने पड़े, उसके बाद भाजपा के बहिष्कार के पोस्टर मजबूर होकर लगाने पड़े और आज वोट बंटोरने वाले नेता टावर हटवाने की बजाए ऐसे लोगों का साथ देने में लगे हैं, जो जनता को भयावह बीमारी से बीमार करने के लिए लगे हुए हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि टावर लगने से कैंसर जैसी बीमारी का खतरा बढ़ रहा है। इसके बावजूद भी नेताजी इस टॉवर को हटवाने नाकामयाब रहे और अब अगले एक दो दिन में पूरा मौहल्ला या तो शिवचौक पर या कचहरी में भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे, शायद उसके बाद ही इस शहर के प्रशासन और नेताओं के कानों पर जूं रेंगेंगी। अब देखना यह होगा कि इस समस्या का क्या समाधान निकलता है।







## खुद अपने ही शासन में सभासद राजीव शर्मा को बैठना पड़ा धरने पर

**मुजफ्फरनगर।** आज भाजपा के शासन में आम जनता का मोह तो नेताओं से खत्म होता दिख ही रहा है साथ ही साथ मजबूर होकर अपने वार्ड की समस्याओं का निदान कराने के लिए भाजपा के ही सभासद को धरने पर बैठना पड़ रहा है। तीन दिन पहले इसी टावर को लेकर कृष्णापुरी के सभासद राजीव शर्मा को जनता के साथ धरने पर बैठना पड़ा था। उन्होंने यह भी प्रमाण दिया था कि नगर पालिका से उक्त टावर के लगवाने के लिए कोई एनओसी नहीं दी गयी है। बावजूद उसके दबंगई दिखाते हुए यह टावर लगाया गया है और अब इसे हटवाया भी नहीं जा रहा है। इतना कुछ होने के बावजूद भी माननीयों के कानों पर कोई जूं नहीं रेंग रही है।











